कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :***ukmssbdun@gmail.com***; Website : ***www.ukmssb.org***,

विज्ञप्ति संख्याः 10/2025 दिनांकः 28 मार्च 2025

उत्तराखण्ड प्रान्तीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अन्तर्गत साधारण ग्रेड चिकित्सा अधिकारी के रिक्त 276 बैकलॉग पदों पर आवेदन पत्र भरने के सम्बन्ध में सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या– उ0चि0से0च0बो0/परी0/19/2024–25/173, दिनांक **27 फरवरी 2025** के माध्यम से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में साधारण ग्रेड चिकित्सा अधिकारी के रिक्त **276** बैकलॉग पदों पर सीधी भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तराखण्ड मेडिकल काउंसिल की आधिकारिक वैबसाइट पर पंजीकरण का कार्य वर्तमान में सम्पादित नहीं किया जा रहा है, जिस कारण उन्हे स्थाई पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हो पा रहे है। इस सम्बन्ध में रजिस्टार, उत्तराखण्ड मेडिकल काउंसिल द्वारा भी पत्र संख्या– UKMC/2024–25/4815, दिनांक– 10.03.2025 द्वारा भी समस्त प्राचार्यों/डिन को पंजीकरण न होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है।

अभ्यर्थियों के अनुरोध पर तथा रजिस्टार, उत्तराखण्ड मेडिकल काउंसिल द्वारा जारी पत्र के क्रम में बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि यदि अभ्यर्थी पर उत्तराखण्ड मेडिकल काउंसिल में स्थाई पंजीकरण करने की रसीद उपलब्ध है तो वे उत्तराखण्ड मेडिकल काउंसिल की रसीद संख्या/अस्थाई पंजीकरण संख्या अंकित कर आवेदन पत्र भर सकते हैं।

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव